# बिहार सरकार

सत्यमेव जयते

# वित्त विभाग

## वित्तीय वर्ष 2011-2012 के बजट प्राक्कलन से संबंधित प्राप्ति एवं व्ययों के रूझान का

## प्रथम तिमाही

## का परिणाम

(बिहार राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंधन अधिनियम-2006 के धारा-11 के आलोक में)


सुशील कुमार मोदी

उपमुख्य (वित्त) मंत्री


**दिसम्बर, 2011**

**माननीय अध्यक्ष महोदय,**

आप अवगत हैं कि हमारी सरकार ने वित्तीय संव्यवहार में पारदर्शिता एवं अनुशासन लाने के दृष्टिकोण से 18 फरवरी, 2006 के प्रभाव से ही राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंधन अधिनियम लागू किया था । उक्त् अधिनियम की धारा-11 में यह प्रावधान है कि बजट प्राक्कलन से संबंधित प्रत्येक तिमाही पर आय एवं व्यय के रूझानों का पुनर्विलोकन किया जायेगा और ऐसे परिणामों को विधान मंडल के दोनों सदनों के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा । मैं वित्तीय वर्ष 2011-12 के प्रथम तिमाही के आय एवं व्यय के रूझानों का आकलन प्रस्तुत कर रहा हूँ।

प्रथम तिमाही के आय एवं व्यय के रूझानों का आकलन विभागों से प्राप्त सूचनाओं, योजना एवं विकास विभाग से राज्य योजना के अधीन विभिन्न विभागों में हुए व्यय विवरणी एवं CTMIS (विस्तृत कोषागार प्रबंधन सूचना प्रणाली) से प्राप्त विवरणी/आँकड़ों के आधार पर संकलन किया गया है।

उपरोक्त् आकलन के अनुसार प्रथम तिमाही में आय एवं व्यय की बजट अनुमानों की तुलनात्मक संक्षिप्त स्थिति निम्न प्रकार हैः-

# आय-व्ययक का ब्यौरा

(राशि करोड़ रूपये में)

**2011-12**

| क्र. सं. | मदें | बजट अनुमान | प्रथम तिमाही में हुए प्राप्ति एवं व्यय | प्रथम तिमाही तक प्राप्ति एवं व्यय का प्रतिशत (कॉलम 3 का) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | **कुल गैर-ऋण आय** | **56223.95** | **9889.81** | **17.59** |
| 2 | **कुल गैर-ऋण व्यय** | **62417.98** | **7452.59** | **11.94** |
| 3 | **राजकोषीय घाटा (2-1)** | **6194.03** | **-2437.22** | **-39.35** |
| 4 | **ऋण भुगतान** | **2907.89** | **425.24** | **14.62** |
| 5 | **ऋण उगाही** | **9088.89** | **560.19** | **6.16** |
| 6 | **गैर ऋण आय के मुख्य अवयवः-** | **56223.95** | **9889.81** | **17.59** |
| | (क) राज्य सरकार की आय | **15568.84** | **2222.07** | **14.27** |
| | (1) कर राजस्व | 12582.90 | 2084.77 | **16.57** |
| | (2) गैर कर राजस्व | 2985.94 | 137.30 | **4.60** |
| | (ख) केन्द्र सरकार से प्राप्तियाँ | **40637.02** | **7665.48** | **18.86** |
| | (1) केन्द्रीय करों में राज्य का हिस्सा | 26966.39 | 6172.65 | **22.89** |
| | (2) केन्द्र सरकार से सहायूय अनुदान | 13670.63 | 1492.83 | **10.92** |
| | (ग) राज्य सरकार द्वारा दिये गये ऋणों की वसूली | 18.09 | 2.26 | **12.49** |
| 7 | **गैर ऋण व्यय के मुख्य अवयवः-** | **62417.98** | **7452.59** | **11.94** |
| | (क) गैर योजना व्यय | 34915.06 | 6224.50 | **17.83** |
| | (1) पेंशन | 7584.26 | 1551.45 | **20.46** |
| | (2) सूद | 4738.51 | 808.57 | **17.06** |
| | (3) अन्य | **22592.29** | **3864.48** | **17.11** |
| | (ख) योजना व्यय | **27502.92** | **1228.09** | **4.47** |
| | (1) राज्य योजना | 24000.00 | 1144.22 | **4.77** |
| | (2) केन्द्र प्रायोजित योजना + केन्द्रीय योजनागत योजना | 3502.92 | 83.87 | **2.39** |

**नोटः- राज्य योजना में बजट प्रावधान कुल 24000 करोड़ रूपये का है ।**

विभागवार योजना एवं गैर योजना की व्यय विवरणी अनुलग्नक 'क' एवं 'ख' पर है ।

**<u>योजना मद में व्यय</u>**

उपरोक्त आकलन से स्पष्ट है कि प्रथम तिमाही तक राज्य योजना मद में 1144.22 करोड़ रूपये का व्यय हुआ है, जबकि पिछले वर्ष प्रथम तिमाही तक 3577.78 करोड़ रूपये हुआ था। यह व्यय बजट उपबंध की तुलना में 4.77 प्रतिशत है।

**<u>गैर योजना मद में व्यय</u>**

वित्तीय वर्ष 2011-12 के प्रथम तिमाही तक गैर योजना मद में लोक ऋण भुगतान को छोड़कर कुल व्यय 6224.50 करोड़ रूपये है, जो बजट उपबंध का .17.83 प्रतिशत है। प्रथम तिमाही तक गैर योजना व्यय 25 प्रतिशत तक ही होना चाहिए। इस आलोक में गैर योजना व्यय का रूझान बजट उपबंध के अनुरूप है।

**<u>पेंशन/सूद मद में व्यय-</u>**

पेंशन मद में 1551.45 करोड़ रूपये का व्यय हुआ है जो बजट उपबंध का 20.46 प्रतिशत है। सूद मद में 808.57 करोड़ रूपये का व्यय हुआ है, जो बजट उपबंध का 17.06 प्रतिशत है। अन्य मदों में व्यय 3864.48 करोड़ रूपये का हुआ है, जो मूल बजट में प्रावधानित राशि का 17.11 प्रतिशत है।

**<u>राज्य की अपनी स्रोंतो से आय</u>**

वर्ष 2011-12 में प्रथम तिमाही तक राज्य की अपने कर राजस्व की आय 2084.77 करोड़ रूपये एवं गैर कर राजस्व से आय 137.30 करोड़ रूपये है, जो बजट अनुमानों का क्रमशः 16.57 प्रतिशत एवं 4.60 प्रतिशत है। पिछले वर्ष इस अवधि में कर-राजस्व से आय 1674.07 करोड़ रूपये एवं गैर कर राजस्व से आय 200.50 करोड़ रूपये थी। मुख्य विभागवार आय की तुलनात्मक विवरणी **<u>अनुलग्नक ग</u>** पर है।

**<u>वाणिज्य-कर से आय</u>**

वाणिज्य-कर विभाग द्वारा प्रथम तिमाही तक 1257.25 करोड़ रूपये का राजस्व संग्रहण किया गया है जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में 998.66 करोड़ रूपये का संग्रहण किया गया था। इस वर्ष आय कुल बजट अनुमानों 8530.70 करोड़ रूपये का 14.74 प्रतिशत है। इस प्रकार इस वर्ष पूर्व वर्ष की तुलना में 25.89 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

**<u>निबंधन से आय</u>**

निबंधन विभाग द्वारा प्रथम तिमाही तक 306.22 करोड़ रूपये का राजस्व संग्रहण किया गया है, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में 276.06 करोड़ रूपये का संग्रहण किया गया था। यह आय कुल बजट अनुमानों 1600.00 करोड़ रूपये का 19.14 प्रतिशत है। इस प्रकार इस वर्ष पूर्व वर्ष की तुलना में 10.93 प्रतिशत की वृद्धि है।

**<u>उत्पाद शुल्क से आय</u>**

उत्पाद विभाग द्वारा प्रथम तिमाही तक 381.79 करोड़ रूपये का राजस्व संग्रहण किया गया है, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में 288.28 करोड़ रूपये का संग्रहण किया गया था। यह आय कुल बजट अनुमानों 1790.00 करोड़ रूपये का 21.33 प्रतिशत है। इस प्रकार इस वर्ष पूर्व वर्ष की तुलना में 32.44 प्रतिशत की वृद्धि है।

**<u>परिवहन कर से आय</u>**

परिवहन विभाग द्वारा प्रथम तिमाही तक 124.38 करोड़ रूपये का राजस्व संग्रहण किया गया है, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में 95.57 करोड़ रूपये का संग्रहण किया गया था। यह आय कुल बजट अनुमानों 537.00 करोड़ रूपये का 23.16 प्रतिशत है। इस प्रकार इस वर्ष पूर्व वर्ष की तुलना में 30.15 प्रतिशत की वृद्धि है।

**<u>केन्द्रीय करों में राज्य का हिस्सा एवं केन्द्र से अनुदान</u>**

राज्य को केन्द्रीय करों में राज्य के हिस्से के रूप में आय प्राप्त होती है। इस मद में प्रथम तिमाही तक 6172.65 करोड़ रूपये की प्राप्ति हुई है। यह बजट अनुमानों 26966.39 करोड़ रूपये का 22.89 प्रतिशत है। पिछले वर्ष इस अवधि में 4897.02 करोड़ रूपये की प्राप्ति हुई थी। इस प्रकार इस वर्ष 26.05 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसके अतिरिक्त विभिन्न योजनाओं के लिए केन्द्रीय सरकार से अनुदान सहायक अनुदान प्राप्त होता है। इस मद में प्रथम तिमाही तक 1492.83 करोड़ रूपये की प्राप्ति हुई है, जो मूल बजट अनुमान 13670.63 करोड़ रूपये का 10.92 प्रतिशत है। पिछले वर्ष इस अवधि में 1980.37 करोड़ रूपये की प्राप्ति हुई थी। इस मद में इस अवधि के दौरान पूर्व वर्ष की तुलना में 24.62 प्रतिशत की कमी हुई है।

**ऋण की उगाही एवं ऋण/सूद का भुगतान**

प्रथम तिमाही तक राज्य सरकार द्वारा 560.19 करोड़ रूपये के ऋण की उगाही की गयी है, जिसमें केन्द्र सरकार से 191.29 करोड़ रूपये की राशि बाह्य संपोषित परियोजना के अंतर्गत ब्लॉक ऋण के रूप में, 302.38 करोड़ रूपये राष्ट्रीय लघु बचतों के विरूद्ध जारी की गयी विशेष प्रतिभूतियों के मद में एवं नाबार्ड से 41.55 करोड़ रूपये की राशि प्राप्त हुई है। बजट अनुमानों के अनुसार 9088.89 करोड़ रूपये की उगाही की जानी है। पिछले वर्ष इस अवधि तक 1713.59 करोड़ रूपये के ऋण की उगाही की गयी थी।

राज्य सरकार द्वारा प्रथम तिमाही तक 425.24 करोड़ रूपये के ऋण का पुनर्भुगतान किया गया है। यह बजट अनुमान 2907.89 करोड़ रूपये का 14.62 प्रतिशत है। पिछले वर्ष इस अवधि तक 331.51 करोड़ रूपये का ऋण पुनर्भुगतान किया गया था। इसी तरह प्रथम तिमाही तक 808.57 करोड़ रूपये का सूद मद में भुगतान किया गया है। यह बजट अनुमान 4738.51 करोड़ रूपये का 17.06 प्रतिशत है। पिछले वर्ष इस अवधि तक 740.14 करोड़ रूपये का सूद मद में भुगतान किया गया था।

**उपसंहार :**

प्रथम तिमाही तक गैर ऋण आय से 9889.81 करोड़ रूपये की राशि प्राप्त हुई और गैर ऋण व्यय 7452.59 करोड़ रूपये का हुआ। प्रथम तिमाही तक 2437.22 करोड़ रूपये राजकोषीय बचत हो रहा है। वित्तीय वर्ष 2011-12 के बजट अनुमानों के अनुसार राजकोषीय घाटा 6194.03 करोड़ रूपये संभावित है। स्पष्ट है कि राज्य की वित्तीय स्थिति नियंत्रण में है।

अंत में, मैं माननीय सदन को आश्वस्त करना चाहूँगा कि सरकार कर प्रशासन तथा व्यय प्रबंधन के सुदृढ़ीकरण के लिए लगातार प्रयास कर रही है और सरकार अपने वित्तीय लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।

---------- :: ----------

अनुलग्नक- 'क'

# राज्य योजना व्यय की विभागवार विवरणी

(राशि लाख रूपये में)

| मांग | विभाग का नाम | 2011-12 | | | 2010-11 में प्रथम तिमाही तक कुल व्यय | प्रथम तिमाही तक पिछले वर्ष की तुलना में कुल व्यय परिवर्तन (%) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | बजट उपबंध | प्रथम तिमाही का व्यय | प्रथम तिमाही तक बजट उपबंध का प्रतिशत व्यय (कॉलम 3 का) | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01 | कृषि विभाग | 84300.00 | 21699.00 | 25.74 | 494.00 | 4292.51 |
| 02 | पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग | 14999.00 | 123.25 | 0.82 | 13.32 | 825.30 |
| 03 | भवन निर्माण विभाग | 34008.00 | 163.59 | 0.48 | 100.00 | 63.59 |
| 04 | मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग | 1393.00 | 1.06 | 0.08 | 2.72 | -61.03 |
| 08 | कला, संस्कृति एवं युवा विभाग | 2017.00 | 13.89 | 0.69 | 1309.10 | -98.94 |
| 09 | सहकारिता विभाग | 28981.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 10 | उर्जा विभाग | 168223.00 | 1733.51 | 1.03 | 0.00 | 0.00 |
| 11 | पिछड़ा वर्ग एवं अतिपिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग | 6891.00 | 0.00 | 0.00 | 5817.40 | -100.00 |
| 12 | वित्त विभाग | 13200.00 | 3960.00 | 30.00 | 4236.81 | -6.53 |
| 16 | पंचायती राज विभाग | 156689.00 | 0.00 | 0.00 | 424.00 | -100.00 |
| 17 | वाणिज्य-कर विभाग | 457.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 18 | खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग | 31984.00 | 72.86 | 0.23 | 481.24 | -84.86 |
| 19 | पर्यावरण एवं वन विभाग | 4462.00 | 138.98 | 3.11 | 77.62 | 79.05 |
| 20 | स्वास्थ्य विभाग | 54450.00 | 6271.85 | 11.52 | 5512.36 | 13.78 |
| 21 | मानव संसाधन विकास विभाग | 301400.00 | 38.20 | 0.01 | 96737.44 | -99.96 |
| 22 | गृह विभाग | 38079.00 | 484.43 | 1.27 | 3370.19 | -85.63 |
| 23 | उद्योग विभाग | 47245.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 24 | सूचना एवं जनसंपर्क विभाग | 818.00 | 35.48 | 4.34 | 2.01 | 1665.17 |
| 25 | सूचना प्रावैधिकी विभाग | 20415.00 | 1319.25 | 6.46 | 200.92 | 556.60 |
| 26 | श्रम संसाधन विभाग | 8170.00 | 28.95 | 0.35 | 9.58 | 202.19 |
| 27 | विधि विभाग | 4630.00 | 116.74 | 2.52 | 491.87 | -76.27 |
| 30 | अल्पसंख्यक कल्याण विभाग | 9000.00 | 2766.43 | 30.74 | 2769.79 | -0.12 |
| 32 | विधान मंडल | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 33 | सामान्य प्रशासन विभाग | 1750.00 | 0.00 | 0.00 | 105.50 | -100.00 |
| 35 | योजना एवं विकास विभाग | 133535.00 | 75.05 | 0.06 | 1543.86 | -95.14 |
| 36 | लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग | 27786.00 | 2356.00 | 8.48 | 2208.20 | 6.69 |

(राशि लाख रूपये में)

| मांग | विभाग का नाम | 2011-12 | | | 2010-11 में प्रथम तिमाही तक कुल व्यय | प्रथम तिमाही तक पिछले वर्ष की तुलना में कुल व्यय परिवर्तन (%) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | बजट उपबंध | प्रथम तिमाही का व्यय | प्रथम तिमाही तक बजट उपबंध का प्रतिशत व्यय (कॉलम 3 का) | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 37 | ग्रामीण कार्य विभाग | 120041.00 | 0.00 | 0.00 | 42717.93 | -100.00 |
| 38 | निबंधन, उत्पाद एवं मद्य निषेद्य विभाग | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 196.38 | -100.00 |
| 39 | आपदा प्रबंधन विभाग | 4238.00 | 594.49 | 14.03 | 36.11 | 1546.33 |
| 40 | राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग | 11201.00 | 558.83 | 4.99 | 2225.45 | -74.89 |
| 41 | पथ निर्माण विभाग | 387519.00 | 42693.20 | 11.02 | 98922.86 | -56.84 |
| 42 | ग्रामीण विकास विभाग | 129325.00 | 3030.46 | 2.34 | 39683.26 | -92.36 |
| 43 | विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग | 6619.00 | 0.00 | 0.00 | 1577.14 | -100.00 |
| 44 | अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग | 36128.00 | 0.00 | 0.00 | 910.37 | -100.00 |
| 45 | गन्ना उद्योग विभाग | 3057.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 46 | पर्यटन विभाग | 3044.00 | 68.28 | 2.24 | 479.23 | -85.75 |
| 47 | परिवहन विभाग | 1251.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | |
| 48 | नगर विकास एवं आवास विभाग | 91950.00 | 1298.77 | 1.41 | 8294.87 | -84.34 |
| 49 | जल संसाधन विभाग | 211237.00 | 14238.87 | 6.74 | 26401.59 | -46.07 |
| 50 | लघु जल संसाधन विभाग | 25546.00 | 0.00 | 0.00 | 928.40 | -100.00 |
| 51 | समाज कल्याण विभाग | 173962.00 | 10540.67 | 6.06 | 9496.92 | 10.99 |
| | **योग-** | **2400000.00** | **114422.09** | **4.77** | **357778.44** | **-68.02** |

नोट :- योजना एवं विकास विभाग से राज्य योजना के अधीन विभिन्न विभागों में हुए व्यय विवरणी एवं विभागों से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर संकलित किया गया है ।

अनुलग्नक- 'ख'

# गैर योजना व्यय की विभागवार विवरणी

(राशि लाख रूपये में)

| मांग/ विनियोग सं0 | विभाग का नाम | 2011-12 | | | 2010-11 में प्रथम तिमाही तक कुल व्यय | पिछले वर्ष की तुलना में परिवर्तन (%) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | बजट उपबंध | प्रथम तिमाही का कुल व्यय | प्रथम तिमाही तक प्रतिशत व्यय (कॉलम 3 का) | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01 | कृषि विभाग | 31229.20 | 2811.97 | 9.00 | 2860.65 | -1.70 |
| 02 | पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग | 18600.99 | 3169.16 | 17.04 | 2491.12 | 27.22 |
| 03 | भवन निर्माण विभाग | 28581.22 | 3121.47 | 10.92 | 2543.71 | 22.71 |
| 04 | मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग | 11107.92 | 1843.09 | 16.59 | 1400.92 | 31.56 |
| 05 | राज्यपाल सचिवालय | 630.49 | 167.85 | 26.62 | 144.26 | 16.35 |
| 06 | निर्वाचन विभाग | 6552.99 | 340.62 | 5.20 | 489.90 | -30.47 |
| 07 | निगरानी विभाग | 2353.59 | 550.85 | 23.40 | 508.92 | 8.24 |
| 08 | कला, संस्कृति एवं युवा विभाग | 3985.52 | 615.00 | 15.43 | 586.11 | 4.93 |
| 09 | सहकारिता विभाग | 5562.13 | 1390.22 | 24.99 | 1267.96 | 9.64 |
| 10 | उर्जा विभाग | 116407.35 | 27424.00 | 23.56 | 37286.82 | -26.45 |
| 11 | पिछड़ा वर्ग एवं अतिपिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग | 1032.29 | 93.12 | 9.02 | 105.34 | -11.60 |
| 12 | वित्त विभाग | 40698.00 | 2568.26 | 6.31 | 2096.04 | 22.53 |
| 13 | सूद भुगतान | 473850.62 | 80857.08 | 17.06 | 74013.92 | 9.25 |
| 15 | पेंशन | 758426.00 | 155144.66 | 20.46 | 102741.28 | 51.01 |
| 16 | पंचायती राज विभाग | 166599.13 | 23940.29 | 14.37 | 1705.94 | 1303.35 |
| 17 | वाणिज्य-कर विभाग | 6514.64 | 1460.10 | 22.41 | 1086.55 | 34.38 |
| 18 | खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग | 10887.19 | 3497.35 | 32.12 | 886.44 | 294.54 |
| 19 | पर्यावरण एवं वन विभाग | 7524.19 | 1424.44 | 18.93 | 1177.28 | 20.99 |
| 20 | स्वास्थ्य विभाग | 184343.79 | 25422.62 | 13.79 | 19265.61 | 31.96 |
| 21 | मानव संसाधन विकास विभाग | 704680.06 | 149778.40 | 21.25 | 93638.37 | 59.95 |
| 22 | गृह विभाग | 358836.50 | 72560.87 | 20.22 | 62435.16 | 16.22 |
| 23 | उद्योग विभाग | 5016.74 | 938.92 | 18.72 | 823.08 | 14.07 |
| 24 | सूचना एवं जनसंपर्क विभाग | 5519.09 | 402.94 | 7.30 | 431.39 | -6.59 |
| 25 | सूचना प्रावैधिकी विभाग | 266.13 | 32.12 | 12.07 | 27.28 | 17.74 |
| 26 | श्रम संसाधन विभाग | 9083.92 | 2119.14 | 23.33 | 1611.50 | 31.50 |
| 27 | विधि विभाग | 46898.59 | 8819.70 | 18.81 | 6692.24 | 31.79 |
| 28 | उच्च न्यायालय | 8266.90 | 2110.64 | 25.53 | 1463.07 | 44.26 |
| 29 | खान एवं भूतत्व विभाग | 1557.22 | 272.51 | 17.50 | 267.39 | 1.91 |

(राशि लाख रूपये में)

| मांग/ विनियोग सं0 | विभाग का नाम | 2011-12 | | | 2010-11 में प्रथम तिमाही तक कुल व्यय | पिछले वर्ष की तुलना में परिवर्तन (%) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | बजट उपबंध | प्रथम तिमाही का कुल व्यय | प्रथम तिमाही तक प्रतिशत व्यय (कॉलम 3 का) | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 30 | अल्पसंख्यक कल्याण विभाग | 385.53 | 53.57 | 13.90 | 57.77 | -7.27 |
| 31 | संसदीय कार्य विभाग | 144.26 | 47.51 | 32.93 | 39.59 | 20.01 |
| 32 | विधान मंडल | 8086.00 | 1974.40 | 24.42 | 1261.52 | 56.51 |
| 33 | सामान्य प्रशासन विभाग | 31331.17 | 4673.19 | 14.92 | 3752.29 | 24.54 |
| 34 | बिहार लोक सेवा आयोग | 1226.11 | 326.17 | 26.60 | 273.16 | 19.41 |
| 35 | योजना एवं विकास विभाग | 5546.28 | 884.13 | 15.94 | 690.73 | 28.00 |
| 36 | लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग | 34091.32 | 4577.84 | 13.43 | 5855.32 | -21.82 |
| 37 | ग्रामीण कार्य विभाग | 43409.42 | 1515.61 | 3.49 | 1356.24 | 11.75 |
| 38 | निबंधन, उत्पाद एवं मद्य निषेद्य विभाग | 11056.29 | 1772.54 | 16.03 | 1715.28 | 3.34 |
| 39 | आपदा प्रबंधन विभाग | 37884.92 | 1193.92 | 3.15 | 5079.18 | -76.49 |
| 40 | राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग | 32643.84 | 6703.36 | 20.53 | 5980.89 | 12.08 |
| 41 | पथ निर्माण विभाग | 64823.23 | 6750.47 | 10.41 | 5356.88 | 26.01 |
| 42 | ग्रामीण विकास विभाग | 18072.22 | 2142.46 | 11.85 | 2355.49 | -9.04 |
| 43 | विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग | 3709.90 | 638.20 | 17.20 | 626.77 | 1.82 |
| 44 | अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग | 11504.16 | 1163.04 | 10.11 | 988.99 | 17.60 |
| 45 | गन्ना उद्योग विभाग | 1216.14 | 344.12 | 28.30 | 275.23 | 25.03 |
| 46 | पर्यटन विभाग | 582.84 | 144.82 | 24.85 | 138.39 | 4.65 |
| 47 | परिवहन विभाग | 15497.49 | 407.08 | 2.63 | 205.28 | 98.30 |
| 48 | नगर विकास एवं आवास विभाग | 37128.11 | 190.88 | 0.51 | 115.23 | 65.65 |
| 49 | जल संसाधन विभाग | 72856.00 | 9251.89 | 12.70 | 10722.66 | -13.72 |
| 50 | लघु जल संसाधन विभाग | 41065.85 | 4173.38 | 10.16 | 4129.39 | 1.07 |
| 51 | समाज कल्याण विभाग | 4232.81 | 643.79 | 15.21 | 549.95 | 17.06 |
| | **योग-** | **3491506.29** | **622449.76** | **17.83** | **471574.48** | **31.99** |
| 14 | ऋण अदायगियाँ | 290788.88 | 42524.02 | 14.62 | 33151.00 | 28.27 |
| | **महायोग** | **3782295.17** | **664973.78** | **17.58** | **504725.48** | **31.75** |

नोटः- मांगों/विनियोग में बजट उपबंध मांग/विनियोग के अन्तर्गत वसूलियों को घटाने के उपरान्त जो राशि आती है उसे दिखलाया गया है।

अनुलग्नक – ग

## राजस्व वसूली की विभागवार विवरणी

(राशि करोड़ रूपये में)

| क्र.सं. | विभाग | 2011-12 बजट प्रावधान | प्रथम तिमाही तक कुल प्राप्ति | प्रथम तिमाही तक प्रतिशत प्राप्ति (कॉलम 3 का) | 2010–11 में प्रथम तिमाही तक कुल प्राप्ति | पिछले वर्ष की तुलना में परिवर्तन (%) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | वाणिज्य–कर विभाग | 8530.70 | 1257.25 | **14.74** | 998.66 | 25.89 |
| 2 | निबंधन विभाग | 1600.00 | 306.22 | **19.14** | 276.06 | 10.93 |
| 3 | उत्पाद एवं मद्य निषेद्य | 1790.00 | 381.79 | **21.33** | 288.28 | 32.44 |
| 4 | परिवहन विभाग | 537.00 | 124.38 | **23.16** | 95.57 | 30.15 |
| 5 | राजस्व एवं भू0सु0 विभाग | 125.20 | 15.13 | **12.08** | 15.50 | -2.39 |
| 6 | अन्य | 0.00 | 0.00 | **0.00** | 0.00 | 0.00 |
| | **योग** | **12582.90** | **2084.77** | **16.57** | **1674.07** | **24.53** |
| | **गैर कर राजस्व** | | | | | |
| 7 | खान एवं भू–तत्व विभाग | 315.00 | 51.80 | **16.44** | 60.67 | -14.62 |
| 8 | जल संसाधन विभाग | 30.00 | 1.51 | **5.03** | 1.90 | -20.53 |
| 9 | कृषि विभाग | 21.00 | 1.55 | **7.38** | 1.78 | -12.92 |
| 10 | पर्यावरण एवं वन विभाग | 8.00 | 2.22 | **27.75** | 0.79 | 181.01 |
| 11 | अन्य विभाग | 2611.94 | 80.22 | **3.07** | 135.36 | -40.74 |
| | **योग** | **2985.94** | **137.30** | **4.60** | **200.50** | **-31.52** |
| | **महायोग (कर एवं गैर कर राजस्व)** | **15568.84** | **2222.07** | **14.27** | **1874.57** | **18.54** |
| 12 | लघु बचत से प्राप्त ऋण | 2200.00 | 302.38 | **13.74** | 477.39 | -36.66 |

**नोट–** वर्ष 2011–12 के विभागों से प्राप्त आंकड़ों एवं सी0टी0एम0आई0एस0 डाटा के आधार पर संकलित किया गया है ।